हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 जनवरी 2024
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद |पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव-आर ]

तापमान
अधिकतम 29.4 डिग्री
न्यूनतम 13.6 डिग्री

12 70 हजार लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल



13 गीत वितान कला केन्द्र ने जीता 38 राष्ट्रीय पुरस्कार





# मैत्रीबाग में पर्यटक सफेद बाघ के शावकों का आज से कर सकेंगे दीदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- 8 सितंबर को दोनों शावकों का हुआ था जन्म
- नए साल में पर्यटकों के आकर्षक केंद्र रहेंगे ये शावक

मैत्री बाग में पर्यटक 5 जनवरी से सफेद बाघ के दो शावकों का दीदार कर सकेंगे। दोनों का जन्म 8 सितंबर को हुआ था। नर शावक खूबसूरत और चंचल हैं। शावकों की मां रोमा ने पिछले 4.5 माह से बच्चों का लालन किया है। मैत्री बाग प्रभारी डां. एन के जैन ने बताया कि प्रशिक्षित टीम उनकी देखभाल में लगी हुई है। शावकों को जन्म के बाद 4 माह तक सार्वजनिक नहीं किया गया। शुक्रवार को शावकों को पर्यटकों के दीदार के लिए बाड़े में डाला जाएगा। एक और सफेद बाघिन 'रक्षा' ने 28 अप्रैल को 3 नन्हें शावकों को जन्म दिया था। दो शावकों के साथ ही मैत्री बाग में सफेद बाघों की कुल संख्या 10 हो गई है। शावकों के पर्याप्त पोषण और स्वस्थ विकास और बेहतर दूध देने को सुनिश्चित करने के लिए माँ को भरपूर पुष्टिवर्धक भोजन दिए जा रहे हैं। शावकों को ठण्ड से बचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। दिसंबर एवं जनवरी के महीनों में मां और शावकों को गर्म तापमान देने के लिए बाड़े के अंदर अलाव लगाए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### भिलाई नगर निगम के नए आयुक्त ध्रुव



**भिलाई।** भिलाई नगर निगम के आयुक्त रोहित व्यास का तबादला कर दिया गया है। उनकी जगह नए आयुक्त डीके ध्रुव होंगे। श्री ध्रुव 2018 बैंच के आईएएस है। नारायणपुर जिला पंचायत के सीईओ पद पर पदस्थ रहे। वे 5 जनवरी को भिलाई नगर निगम का कार्यभार ग्रहण करेंगे।

### शिवाजी नगर में रोड व नाली पर अवैध कब्जा



**भिलाई।** वार्ड-34 वीर शिवाजी नगर निषाद सेवा समिति के आसपास निर्मित नाली पर अवैध कब्जा हो गया है। जिसकी शिकायत भिलाई नगर निगम आयुक्त से रहवासियों ने की है। रहवासियों का कहना है कि कई लोगों द्वारा नाली व रोड पर कब्जा किया गया है। जिसकी वजह से नाली का गंदा पानी आसपास फैल रहा है। लोगों को आवागमन में दिक्कतें उठानी पड़ रही है।

### भिलाई निगम के 10 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



**भिलाई।** भिलाई निगम में 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके 10 कर्मचारियों को विदाई दी गई। निगम प्रशासन की ओर से कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने आरपी तिवारी जोन-3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी, रोहित कुमार वर्मा फिटर जलकार्य विभाग, परमानंद सिन्हा चौकीदार जोन-3, राजेन्द्र चन्द्राकर पंप सहायक जोन-3, परमानंद चौकीदार कोष्ठागार विभाग, दिलीप बागड़े चौकीदार सिटी बस विभाग, बिसाहू राम सिवारे जोन-1, कन्हैया सिंह यादव फिल्ड वर्कर राजस्व विभाग, छन्नूराम देवांगन सफाई कामगार जोन 2, लतखोर सफाई कामगार जोन-4 को निगम प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता डीके वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, बसंत देवांगन, संजय शर्मा, अजय शुक्ला, राज सच्चर, विश्वजीत सेनगुप्ता, शशिभूषण मोहंती, श्रवण ठाकुर आदि उपस्थित थे।

### धान बेचने पहुंचे किसान की मौत

**डौंडीलोहारा।** धान बेचने के लिए कृषि मंडी गए एक किसान की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को ग्राम सिरपुर लो. से डौडीलोहारा अपने पुत्र कैलाश ध्रुव के साथ आए किसान मचुलसिंग पिता अवध राम उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम सिरपुर थाना डौडीलोहारा की करीब 12 बजे कृषि मंडी परिसर गया था। वहां अचानक उनकी तबियत खराब हो गई और वे बेहोश होकर गिर गए। उन्हें गंभीर अवस्था में तत्काल संजीवनी 108 वाहन से स्वास्थ्य केंद्र डौडीलोहारा लाया गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने प्रथम दृष्टया हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना जताई है। वहीं, सूचना पर मर्ग दर्ज कर जांच कार्यवाही में लिया गया है।

**इंतजार :** सत्यापन में देरी होने के चलते किसान कर रहे लंबा इंतजार

# मुख्यमंत्री की नाराजगी के बाद भी साढ़े चार हजार किसानों को नहीं बंटा बोनस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाराजगी के बाद भी जिले में साढ़े चार हजार से अधिक किसानों को बोनस की राशि का वितरण नही हो पाया हैं। ऐसे सभी किसान राजस्व विभाग के रिकार्ड में जाकर फंस गए है। इन किसानों का भौतिक सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जा रहा हैं। लेकिन सत्यापन पूरा नहीं होने का दंश फिर से किसानों को झेलना पड़ रहा है। उल्लेखनीय हैं कि प्रदेश में बोनस वितरण की राशि में देरी होने को लेकर सीएम ने नाराजगी जाहिर की थी। मिली जानकारी अनुसार राज्य शासन द्वारा घोषणा पत्र में किए गए वादे के अनुसार वर्ष 2014-15 और 2015-16 के किसानों को बोनस राशि प्रति क्विंटल तीन सौ रूपए का भुगतान किया गया है। जिले में 1 लाख 13 हजार 163 किसानों को 177 करोड़ 72 लाख रूपए जारी किया जाना था। इन किसानों ने दो साल में 59 लाख 24 हजार 204 क्विंटल धान बेचा था। जिसकी राशि 825 करोड रूपए से अधिक थी। इन किसानों को प्रति क्विंटल तीन सौ के हिसाब से 177 करोड 72 लाख रूपए जारी किया जाना था। जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री द्वारा विगत 25 दिसंबर को राशि बटन दबाकर जारी की थी। दस दिन बाद जिले में 166 करोड 65 लाख रूपए का भुगतान हो पाया है। जबकि करीब 11 करोड 6 लाख रूपए खाता सत्यापन के चलते साढे चार हजार किसानों को भुगतान नही हो पाया है।

**खास बातें**
- साढ़े चार हजार किसानों का खाता सत्यापन नहीं
- बोनस बंटने के पहले नहीं ली गई सुध, अब हरकत में अफसर
- नौ से दस साल के बाद राशि जारी, फिर भी कर रहे इंतजार
- किसानों को 177 करोड़ 72 लाख रुपए किया जाना था जारी

**प्रदेशभर के किसानों को सीएम ने भेजी है खाते में राशि**



### बोनस के पहले सत्यापन नहीं

भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में पिछले दो साल के बोनस दिए जाने की बात कही गई थी। चुनाव जीतने के बाद वर्ष 2016-17 और 2017-18 की बोनस दिए जाने निर्देश थे। जिसके बाद भी निर्देश वर्ष 2014-15 और वर्ष 2015-16 कर दिया गया। जिससे अचानक खातों के सत्यापन प्रभावित हो गया। जिसके बाद फिर से खातों का सत्यापन कराना पडा। अधिकारियों ने बताया कि, राजस्व विभाग द्वारा नौ से दस साल बीत जाने के बाद ऐसे किसानों के जीवित होने और जमीन की खरीदी-बिक्री के रिकार्ड का सत्यापन किया जा रहा है। जिसके बाद ही राशि जमा होगी।

### एकमुश्त भुगतान का पता नहीं

चुनावी घोषणा पत्र में दो साल के बकाया बोनस के आलावा प्रति एकड 21 क्विंटल धान की खरीदी और 31 सौ रूपए एकमुश्त भुगतान का भी उल्लेख था। लेकिन चुनाव जीतने के बाद राज्य शासन द्वारा भले ही बीस के जगह 21 क्विंटल खरीदी के निर्देश दिए है। लेकिन प्रति क्विंटल 31 सौ रूपए एकमुश्त भुगतान का आदेश जारी नही होने के कारण किसान बांट जो रहे है। ऐसा माना जा रहा है कि, सरकार धान खरीदी के बाद इस विषय पर निर्णय लेगी।

ऊंचाई वाले ट्रक की चपेट से हुई घटना

# नेहरू नगर फ्लाईओवर की फॉलसीलिंग गिरी

**खास बातें**
- निगम को निर्माण एजेंसी ने दिया है पूर्णता प्रमाण पत्र
- गंभीर हादसा टला, लोग हटे
- ट्रक की चपेट से हुई घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र के नेहरू नगर चौक में नेशनल हाईवे पर करोड़ों रूपये खर्च कर बने फ्लाईओवर के नीचे की फॉलसीलिंग गुरुवार की सुबह भरभराकर गिर गई हालांकि इससे कोई हताहत नहीं हुआ लेकिन चंद महीने के भीतर फॉलसीलिंग का इस तरह भरभरा कर गिर जाना अपने आपमें आश्चर्यजनक घटना है।

घटना को लेकर ब्रिज पूर्णता प्रमाण पत्र दिया जाना और संबंधित अधिकारियों की जांच पर उंगली उठने लगी है। निगम आयुक्त ने कहा कि जांच करवाएंगे। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार को बीच नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीचे बनी फॉलसीलिंग गिर गई। अलग-अलग स्थानों पर बना तीन स्ट्रक्चर ढह गया है। आपको बता दें कि नेशनल हाईवे होने के कारण इस पर ट्रैफिक काफी रहता है लेकिन सुबह का समय होने से जान माल का नुक्रसान नहीं हुआ। सिग्नल पर गिरने के समय कुछ वाहन चालक मौजूद थे लेकिन जब उन्होंने ढांचा ढहते देखा तो वे वहां से हट गए। अगर हादसे के वक्त ट्रैफिक ज्यादा होता तो गंभीर हादसा हो सकता था। जानकारी मिली है कि ओवरब्रिज की फॉलसीलिंग का काम नगर निगम ने निजी कंपनी को सौंपा था जबकि मानीटरिंग नगर निगम की ही थी। जानकारों ने कहा कि यह हादसा कमजोर ढांचे और निर्माण में लापरवाही के कारण हुआ है। मौके पर पहुंचे भिलाई निगम कमिश्नर रोहित व्यास ने कहा कि नेहरू नगर फ्लाईओवर के नीचे फॉल सीलिंग का काम एक निजी कंपनी द्वारा किया गया था। फॉल सीलिंग क्यों और कैसे गिरी, इसकी जांच करवाई जाएगी।

### ज्यादा ऊंचाई की ट्रक से फॉलसिलिंग गिरा

भिलाई निगम प्रशासन ने बताया कि जब नेहरू नगर चौक से एक ट्रक गुजरा उसके बाद ट्रक के डाला में फॉल सिलिंग फंस गया। ट्रक की हाइट ज्यादा होने की वजह से फॉल सिलिंग में एंगल टकरा गया। इसकी वजह से फॉल सिलिंग फंसा और कुछ घंटे बाद भरभराकर गिर गया। कुछ घंटे बाद नगर निगम भिलाई का अमला पहुंचा और उस जगह को क्लियर किया। पुलिस ट्रक चालक को ढूंढ रही है। सीसीटीवी की मदद से उसकी खोज की जा रही है। यहां का सौंदर्यीकरण हाल में ही करवाया गया है। ओवरब्रिज के नीचे पिल्लर पर ग्रीन स्पॉट लगाए गए हैं।

# 14 राज्यों की सांस्कृतिक रैली निकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन




हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की मेजबानी में सोमनी महाविद्यालय राजनांदगांव में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक रैली निकाली। विश्वविद्यालय परिसर दुर्ग से मालवीय नगर चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक होते हुए रेल्वे स्टेशन, दुर्ग के सामने से वापस लौटी। देश के 14 प्रान्तों छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेष, आसाम, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान,महाराष्ट्र, ओडिसा, झारखण्ड, आध्रप्रदेश, कोलकाता, गुजरात आदि के एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने–अपने प्रदेश की लोकसंस्कृति को प्रदर्शित करते हुए रंग बिरंगी पोशाकें एवं वाद्ययंत्र धारण किये थे रैली को कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं क्षेत्रीय निर्देशक अशोक श्रोती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना। विधायक ललित चन्द्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि यह सांस्कृतिक रैली हमारी देश की अनेकता में एकता की धारणा को प्रदर्शित कर रहा है। श्री चन्द्राकर ने इस शानदार रैली के आयोजन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन को बधाई दी। उद्घाटन समारोह में कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने विभिन्न प्रांतों से पधारे प्रत्येक एनएसएस स्वयं सेवक का स्वागत किया। राज्य की एनएसएस सम्पर्क अधिकारी सुश्री नीता बाजपेयी, एनएसएस समन्वयक डॉ. आरपी अग्रवाल उपस्थित थे।

# बंगाल की खाड़ी से आ रही गर्म हवा, ठंड हुई कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

मौसम में फिर बदलाव आया है। गुरुवार को ठंड का एहसास कम हो गया। मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में हरियाणा के ऊपर 3.1किलोमीटर ऊंचाई तक स्थित है। बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त अपेक्षाकृत गर्म हवा का आगमन लगातार जारी है। प्रदेश में 5 जनवरी को सरगुजा संभाग तथा उससे लगे जिलों में हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में अगले दो दिनों में दो डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि संभावित है। दुर्ग जिले का तापमान गुरुवार को अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रहा।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें



★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

दुर्ग जिले में बढ़ रहे कोरोना संक्रमण के बाद भी सतर्क नहीं

# सरकारी अस्पतालों में ही बिना मॉस्क व सोशल डिस्टेंसिंग से इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश में दुर्ग जिला कोरोना के एक्टिव मरीज मामले में दूसरे नंबर पर है। उसके बाद भी सरकारी अस्पतालों में ही मरीज बिना मॉस्क व सोशल डिसटेंसी के इलाज करवा रहे हैं। सीजनल बीमारी वाले लोगों की कोरोना जांच तो स्वास्थ्य विभाग ने शुरू कर दी है लेकिन ओपीडी से लेकर भर्ती तक बिना मॉस्क के हो रही है। यहां तक डॉक्टर बिना मॉस्क पहने ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं।

### दवाई लेने भी लग रही भीड़

जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का यही हाल है। दवाई लेने के दौरान भी महिला व पुरूष मरीज सोशल डिसटेंसी का पालन नहीं कर रहे। मॉस्क भी नहीं लगा रहे हैं।इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्वास्थ्य विभाग ही कोरोना संक्रमण को कितनी गंभीरता से ले रहा है। वार्ड ब्वॉय सहित स्टॉफ भी बिना मॉस्क के कार्य करते मिले।



जिला अस्पताल में पंजीयन कराने के लिए इस तरह हर रोज भीड़ लग रही है

### प्रमुख अस्पतालों में ऐसी लापरवाही

**केस वन**

जिला अस्पताल की ओपीडी में पंजीयन कराने के लिए लोगों की हर दिन लंबी कतार लग रही है। यहां महिला व पुरूष की लाइन अलग-अलग हैं। दोनों ही लाइन में न लोग एक दूसरे से सटे हुए पंजीयन की पर्ची कटवा रहे हैं। यहां से डॉक्टर के पास दिखाने के लिए जाते हैं तो वहां भी सोशल डिसटेंसी नहीं बनाते।

**केस दो**

सिविल अस्पताल सुपेला में भी ओपीडी में लोग अपना पंजीयन करवाने के लिए कतार में लगते हैं। यहां लोग एक दूसरे के पीछे सटकर खड़े होते हैं और अपनी पर्ची कटवाते मिलेंगे। जिस डॉक्टर को दिखाने जा रहे हैं उसके बाहर भी लाइन में एक दूसरे के साथ खड़े अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

**जिले में 26 एक्टिव मरीज**

दुर्ग जिले में इन दिनों कोरोना के 26 एक्टिव मरीज हैं। जो प्रदेश में रायगढ़ के बाद दूसरे नंबर पर है। वहीं पिछले तीन दिनों में 21 नए मरीज मिले हैं। गुरुवार को एक और नया कोरोना संक्रमित मिला। जो शहरी दुर्ग के अंतर्गत घासीदास नगर कसारीडीह क्षेत्र का है। ऐसी स्थिति में कोरोना गाइड लाइन का पालन व मॉस्क लगाने की हिदायत स्वास्थ्य विभाग केवल अपनी प्रेस रिलीज के माध्यम से दे रहा है लेकिन मौके पर स्थिति उलट है।

**14 दिन में 35 मरीज कोरोना के मिले :** कोरोना संक्रमण 21 दिसंबर 2023 से बढ़ा है। 14 दिनों में ही कोरोना के 35 मरीज मिल चुके हैं। दुर्ग क्षेत्र में 15 और भिलाई क्षेत्र में 15 मरीज। रिसाली 2, निकुम व पाटन क्षेत्र में एक-एक पॉजिटिव मिले हैं। मरीजों को होम आइसोलेशन में भेज रहें है। मॉनिटरिंग को लेकर भी लोगों ने संदेह जाहिर किया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

# कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न पर गठित समिति करेगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोषण) अधिनियम 2013 अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति एवं विभाग की आंतरिक शिकायत समिति की बैठक विगत दिवस जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग में आयोजित की गई।

बैठक में कामकाजी महिलाओं को उनके कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। अधिनियम के प्रावधानो पर विचार-विमर्श किया गया, स्थानीय शिकायत समिति, आंतरिक शिकायत समिति कार्य, कार्यक्षेत्र क्या होगा, समिति को शिकायत प्राप्त होने पर, समिति द्वारा तत्काल एवं नियमित सुनवाई के लिए कार्य योजना बनाई गई। किसी महिला के साथ

## जिले में महिला उत्पीड़न का बुरा हाल, शिकायत बाद भी कार्रवाई नहीं



कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न जैसी घटना घटित होने पर वह उस विभाग में गठित आंतरिक शिकायत समिति के समक्ष शिकायत कर सकती है, साथ ही यदि शिकायत कार्यालय प्रमुख के खिलाफ है तो या कार्यालय में 10 से कम कर्मचारी होने के कारण आंतरिक शिकायत समिति गठित न होने की दशा में शिकायत, महिला एवं बाल विकास अंतर्गत गठित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष की जा सकती है। कलेक्टर द्वारा नगर निगम दुर्ग, भिलाई, चरोदा, रिसाली के आयुक्तों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जामुल एवं अहिवारा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत धमधा, उतई, पाटन, अम्लेश्वर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा और पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### 7 दिन के अंदर समिति के पास प्रकरण

ग्रामीण एवं नगरीय निकायों से शिकायत प्राप्त करने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नोडल अधिकारी अपने कार्यक्षेत्र में प्रतिष्ठानों, कार्यालयों, कार्यस्थलों से लैंगिक उत्पीड़न से संबंधित शिकायत और 10 से कम कर्मचारी होने के फलस्वरूप आंतरिक शिकायत समिति का गठन नहीं किया गया हो अथवा शिकायत नियोक्ता के विरूद्ध की गई है। शिकायत समिति को 07 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रेषित करना होगा।

### जिले में शिकायत बाद भी कार्यवाही नहीं

भले ही महिला उत्पीडन को लेकर कई समितियां गठित की जाए। लेकिन जिले के मुख्यालय में विगत दिनों लगातार शिकायत प्राप्त हुई। लेकिन जिला प्रशासन द्वारा किसी भी तरह की कार्यवाही नही की गई है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ डां जामगढे द्वारा उत्पीडन की शिकायत वही के महिला स्टाफ ने की थी, इसके आलावा शिक्षा विभाग के पास जेआरडी स्कूल के एक शिक्षक ने वही की महिला स्टाफ के साथ छेडछाड किया। दोनो ही मामले में शिकायत की गई। लेकिन दोषियों पर कार्यवाही नही हुई।

## खबर संक्षेप



### निज सहायक बेलचंदन बनने पर दी बधाई

दुर्ग। युवराज बेलचंदन को ललित चंद्राकर (विधायक दुर्ग ग्रामीण) के निज सहायक बनाए जाने पर बधाई देते हुए संजय चंद्राकर सीएसी निकुम, किशोर कुमार दिल्लीवार सीएसी विनायकपुर, कमल वैष्णव सीएसी तिलक एवम-अन्य साथी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को विधायक ने लिखा पत्र



दुर्ग। जिला अस्पताल में मरीजों को सुविधा दिए जाने और संसाधनों में विस्तार के लिए दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव ने केन्दिय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख एल मंडाविया को पत्र लिखा है। विगत दिनों 25 दिसंबर 2023 को सुशासन दिवस के अवसर पर उनके द्वारा स्वास्थ्य के मामले में बैठक भी ली गई थी। जिसके बाद विधायक ने जिला अस्पताल में हदय की मरीजों हेतु कार्डियक सेंटर एवं कैथ सेट-अप की आवश्यकता व मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य अस्पताल के बिस्तरों की संख्या 100 से 200 बिस्तरों बढाने की मांग की है। इसके आलावा उन्नत ट्रामा यूनिट एवं उनके मानव संसाधन और जिला चिकित्सालय दुर्ग के रेडियोलाजी विभाग में मरीजों की सुविधा हेतु एमआर आई की सुविधा प्रारंभ किये जाने हेतु सेटअप की आवश्यकता होने की जानकारी दी गई है।

### वीवाई अस्पताल ने नहीं दिया नोटिस का जवाब




दुर्ग। विगत 30 जून को धमधा निवासी गर्भवती महिला की मृत्यु मामले में नोटिस जारी किए जाने के बाद भी अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपना पक्ष नही रखा गया है। अफसरों का कहना है कि, मातृत्व मृत्यु की समय पर जानकारी एवं विभागीय नोटिस का जवाब नहीं देना। प्रबंधन की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है, जो कि छग उपचार्यगृह एवं रोगोपचार संबधी अनुज्ञापन अपिनियम, छग नर्सिंग होम एक्ट का उल्लंघन है।

## निधन

### मुरलीधर भाई



दुर्ग। सिकोला भाठा निवासी मुरलीधर भाई रूड़ा (81 वर्ष ) का निधन गुरुवार 4 जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 5 जनवरी को सुबह 10 बजे सिकोला भाठा निवास स्थान से हरना बांधा मुक्तिधाम के लिए जाएगी। वे संदीप सोलंकी के पिताजी थे।

## राज्य आयोग ने चुनाव के पहले जारी की थी राशि

# साढ़े छह हजार को बंटा चुनावी मानदेय, 4 हजार अधिकारी-कर्मचारी ताक रहे राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

### जिले में डेढ़ करोड़ रुपए मानदेय के लिए जारी किया गया

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा भले ही विधानसभा चुनाव के पहले इस बार सभी जिलों को चुनाव में लगे कर्मियों के मानदेय राशि जारी कर दी गई थी। लेकिन चुनाव होने के डेढ माह बाद भी करीब चार हजार कर्मियों को वेतन जारी नही हो सका है। हांलाकि चुनाव में लगे दस हजार कर्मियों में साढे छः हजार को करीब 73 लाख 60 हजार रूपए जारी हो चुका हैं।

मिली जानकारी अनुसार विधानसभा चुनाव में करीब दस हजार कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई




थी। जिले में छः विधानसभा के लिए आयोग द्वारा डेढ करोड रूपए राशि जारी किया गया था। इसमें से जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दल में शामिल 5940 कर्मियों को पहले किस्त में 5 लाख 79 हजार 15 सौ रूपए जारी किए गए। वही 132 मतगणना पर्यवेक्षक और सहायक को 9 लाख नब्बे हजार रूपए जारी किया गया। मतगणना में शीलिंग कार्य में लगे कर्मियों को 16500 और एमसीएमसी, काल सेंटर व ईईएम में लगे कर्मियों को 498400 रूपए जारी किया गया है। इस तरह आयोग द्वारा जारी करीब डेढ करोड में 73 लाख 60400 रूपए जारी किए गए है। जबकि चार हजार कर्मियों का भुगतान शेष है।

### आरटीओ को बिल बनाने फुर्सत नहीं

चुनाव निपटने के बाद इधर वाहन मालिक भाडा राशि के लिए परेशान है। चुनाव में करीब एक हजार से अधिक छोटी व बडी गाडियां लगी थी। जिसके एवज में किराया व डीजल का भुगतान किया जाना है। आयोग द्वारा चुनाव के पहले 24 लाख रूपए जारी किया गया था। हांलाकि जानकारी अनुसार वाहन में अस्सी लाख से अधिक खर्च होने की बात कही जा रही है। हांलाकि अभी आरटीओ ने बिल जिला निर्वाचन आयोग को नही दिया हैं।

### इन्हें नहीं हो पाया भुगतान

जानकारी अनुसार माइक्रो आब्र्जवर, सुरक्षाकर्मी, मतदान दल में शामिल तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मी, वही सरकार वाहन प्रभारी को भुगतान नही हो पाया है। इसके आलावा केन्द्रिय सुरक्षा बल और राज्य सुरक्षा बल के जवानों को भी भुगतान बाकी है। वही करीब 1479 बीएलओ भी शेष रह गए है। जिला निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी अनुसार चुनाव में लगे अधिकारी व कर्मचारी जिन्हें मानदेय नही मिल पाया हैं, वे जिला निर्वाचन कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

## 70 हजार लोग विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अंतिम पड़ाव मंगल बाजार छावनी शहीद चुम्मन वार्ड 40 में आयोजित हुआ। विगत 13 दिनों से चले यात्रा में 26 स्थलो पर शिविर लगाकर निगम के संपूर्ण 70 वार्डों के हितग्राहियों तक पहुंच बनाया गया और नागरिकों को शासन की जनकल्याणकारी योजना से जोड़ा गया है। करीब 24 हजार 606 नागरिकों ने विभिन्न योजनाओं में लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किये। शिविर स्थल छावनी तथा मानव आश्रम सेक्टर- 1 में पार्षद वीणा चंद्राकर , गिरिजा बंछोर, शकुन्तला साहू, जिला अध्यक्ष ब्रिजेश ब्रिजपुरिया, महामंत्री योगेन्द्र

■ पीएम स्वनिधि से ऋण लेने 12 सौ लोगों ने लिया फॉर्म

सिंह सहित जनप्रतिनिधि शामिल हुए। 13 दिनों तक भिलाई निगम क्षेत्र के 26 स्थानों पर लगे शिविर में 70 हजार से अधिक नागरिकों ने उपस्थिति दर्ज कराई। महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास लगातार मॉनिटरिंग किया।

# सर्व सनातन धर्म शोभायात्रा की तैयारी के लिए जुटे समाजसेवी व प्रतिनिधि मंडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में सर्व सनातन धर्म शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महर्षि दयानंद सरस्वती के व्यक्तित्व

■ 18 जनवरी को ऐतिहासिक सर्व सनातन धर्म यात्रा आयोजित

एवं कृतित्व के साथ-साथ सनातन मूल्यों को स्थापित करने के लिए आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई 18 जनवरी को प्रातः 9 बजे सर्व सनातन शोभा यात्रा का आयोजन कर रहा है। इस सनातन शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने के लिए आज बड़ी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि एवं समाजसेवी आर्य समाज में जुटे। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग एवं मंत्री प्रवीण गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।




अंकित शर्मा ने धार्मिक जय घोष लगाया। कार्यक्रम में भारती बेन, मधुबाला पंडित, विभा शर्मा, अजय पंडा, बालू राम शर्मा, बीके गौरव शुक्ला, मनोज ठाकरे, भानु राव, प्रशांत कुमार क्षीरसागर, डीपी चौधरी, रामचंद्र, डॉ. प्रमोद नामदेव, सुमन मेरी चिलामिया, नीता चौरसिया, योजना डाहके आदि ने अपने विचार रखे। आर्य समाज के प्रधान अवनी भूषण पुरंग नहीं बताया आर्य समाज ने शुरू से ही हिंदू समाज की कुरीतियों और अंधविश्वास को दूर करके उसे मजबूत बनाने की दिशा में कार्य किया है । सामाजिक कुरीतियों और परंपराओं का भी महर्षि दयानंद ने इसी दृष्टि से विरोध किया था। आर्य समाज मानता है कि जो समाज संगठित रहता है वही समाज प्रासंगिक और शक्तिशाली बना रहता है। बैठक में ब्रह्माकुमारी आर्य समाज आस्था बहुउद्देशीय संस्था उत्कल समाज जगन्नाथ मंदिर पर्यावरण मित्र आंध्र ब्राह्मण समाज संस्कार भारती संत नामदेव आरोग्य सेवा समिति जलकंठेश्वर मंदिर सेक्टर 6, चौरसिया समाज आदि विशिष्ट सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## मेले में स्वदेशी उत्पाद होंगे आकर्षण का केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई द्वारा आत्मनिर्भर महिलाओं को उनके स्वनिर्मित उत्पादों की बिक्री के लिए बड़ा बाजार उपलब्ध करवाएगी। इसे लेकर 7 जनवरी, रविवार को सिटी सेंटर मॉल, फरिश्ता कॉम्पलेक्स के पास, दुर्ग में भव्य मेला का आयोजन किया गया है। यह मेला प्रातः 10 बजे से शुरु होकर रात्रि 8 बजे तक चलेगा। स्वदेशी भारतीय उत्पादों एवं उद्यमों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित मेला में आत्मनिर्भर महिलाएं अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगी। मेला के आयोजन में चेबर युवा विंग, स्वावलंबी भारत अभियान और कैट इकाई सहयोगी संस्था है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष सुश्री पायल जैन ने बताया कि, चेंबर की महिला इकाई स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## कलेक्टर ऋचा ने किया पदभार ग्रहण



दुर्ग। नव पदस्थ कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने गुरूवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा 2014 बैच के अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी इससे पूर्व जांजगीर-चांपा जिले में कलेक्टर के पद पर पदस्थ थे। दुर्ग जिले के निवर्तमान कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा (आईएएस) ने कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी को कार्यभार सौंप कर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला कार्यालय में पदस्थ सभी अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्यसभा सांसद सरोज ने दी ई-ट्राईसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के द्वारा सांसद निधी से आज खुर्सीपार निवासी दिव्यांग मेजर सिंग को ई-ट्राईसिकल प्रदान किया गया। दिव्यांग मेजर सिंग खुर्सीपार जोन 2 सेक्टर 11 का निवासी है। दिव्यांग होने के कारण अपना कार्य माता-पिता, बच्चों और बैसाखी के सहारे पूरा करता था । परन्तु अब राज्य सभा सांसद द्वारा मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल दिया गया है अब वह अपने कार्य ई-ट्राईसिकल के सहारे पूरा करेगा। सांसद ने कहा मेजर सिंग को अब किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और यही मेरे लिए एक सुखद अनुभूति है।

■ मेजर सिंग को नया ई-ट्राईसिकल मिलने से खुशी



## कारीगरों और शिल्पकारों को पीएम विश्वकर्मा योजना से मिलेगी पहचान

# व्यवसायों के लिए मिलेगा प्रशिक्षण, अनुदान व ऋण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

केन्द्र शासन द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्योग मंत्रालय द्वारा पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगरों की सहायता के लिए प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लागू की गई है। यह योजना 17 सितम्बर 2023 से प्रारंभ किया गया है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसायों के लिए प्रशिक्षण, अनुदान, ऋण आदि से लाभान्वित किया जा रहा है।

योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों की पहचान विश्वकर्मा के रूप में कर उन्हें सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, विश्वकर्माओं के उपलब्ध कौशल उन्नयन कार्यक्रमों से जोड़ कर उनका कौशल विकास करना, उनकी योग्यता, क्षमता और उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक औजार, टूल किट प्रदान करना, संपर्शिक मुक्त ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारों से जोड़ना है। योजनातंर्गत आवेदन करने हेतु इच्छुक आवेदक सामान्य सेवा केन्द्र के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकते है।



### 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 18 प्रकार के पारंपरिक व्यवसाय-बढ़ई, नाव बनाने वाले, अस्त्रकार, लोहार, लोहे के औजार निर्माता, तालासाज, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, संगतराश, चर्मकार (मोची) जूते बनाने वाले, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू व पैरदान बनाने वाले, गुड़िया एवं खिलौने बनाने वाले, नाई, मालाकार, धोबी, दर्जी एवं मछली पकड़ने का जाल निर्माता आदि को सम्मिलित किया गया है।

### पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभ

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत शिल्पकारों और कारीगरों को प्रमाण पत्र और आईडी कार्ड के जरिए पहचान मिलेगी। पंजीकृत हितग्राहियों को पहले चरण में एक लाख रुपए तक की और दूसरे चरण में 2 लाख रुपए तक की राशि 5 प्रतिशत रियायती ब्याज दर पर दिया जाएगा। इस योजना के तहत पंजीयन के बाद उनके पारंपरिक कौशल को निखारने के लिए 5 दिन का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्रदाय किया जाएगा एवं 500 रूपये प्रतिदिन की दर से स्टाईफंड दिया जाएगा। उन्हें यंत्र एवं औजार के लिए 15 हजार रूपये की अनुदान सहायता राशि भी दी जाएगी।



## खबर संक्षेप

### रिंगनी में पंडवानी मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**कुम्हारी।** लोक कला मंच पंडवानी रिंगनी एवं संस्कृति विभाग रायपुर छग शासन के सहयोग से आज ग्राम लिमतरा में समिति के 44वें वर्षगांठ के अवसर पर पंडवानी मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिन में 3 बजे से किया गया है। जिसमें आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के कलाकार द्वारा पंडवानी पारंपरिक लोक गीत, नाट्य प्रहसन लोक संगीत की प्रस्तुति की जाएगी। कार्यकम के मुख्य अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा होंगे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजकुमार पांडेय करेंगे। विशिष्ट अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष नटवर लाल ताम्रकार, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, श्रीसंत निरंजन महाराज, जनपद सदस्य संगीता गोस्वामी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूनेश्वर साहू, मंडी अध्यक्ष योगेश टिकरिहा, जिला पंचायत सदस्य आकाश कुर्रे एवं सरपंच ग्राम पंचायत लिमतरा मंजू नेताम होंगे। कार्यक्रम में गीत, संगीत, अखाड़ा एवं पंडवानी के साथ नाटक एवं प्रहसन का मंचन भी होगा।

### राज बने छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष व महिमा उपाध्यक्ष

**भिलाई।** जनमानस कल्याण संस्थान के तत्वावधान में राज





पंजवानी को छत्तीसगढ़ का प्रदेश अध्यक्ष एवं महिमा सिंग ठाकुर को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। राज के प्रदेश अध्यक्ष व महिमा सिंग के उपाध्यक्ष बनने पर संस्थान ने कहा कि राष्ट्र की आंतरिक ताकत को मजबूती देने में खाकी की आवाज बन पुलिस इंडिया रिफॉर्म पर सकारात्मक परिणाम बनेंगे। राज व महिमा सिंग को संस्थान के सभी हिंद टीम हिंदुस्तान के पदाधिकारियों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### समाज के युवा प्रदेश महासचिव बने दीपक

**अंडा।** दीपक निर्मलकर को युवा



धोबी समाज के प्रदेश महासचिव एवं दुर्ग जिला संगठन प्रभारी बनाया गया है। यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के निर्देशानुसार युवा प्रदेश अध्यक्ष रोशन निर्मलकर बाल्को कोरबा ने प्रमुख पदाधिकारीयों के अनुशंसा पर की है।

## निधन

### शांति बाई साहू

**भिलाई।** ग्राम कचान्दुर निवासी शांति बाई साहू का निधन 4



जनवरी को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे सुखचैन, धनसाय, गोपाल, गैदलाल, खेमलाल, जीवन साहू सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं।

### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई में कार्यक्रम आयोजित

# वार्षिकोत्सव में लगाई साइंस मॉडल की प्रदर्शनी, प्रतिभावान छात्राएं हुई पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|उतई

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। वार्षिकोत्सव के दौरान विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन के करने वाले छात्राओं को पुरस्कार वितरित किया गया। इस मौके पर उन्होंने साइंस मॉडल की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। स्कूली छात्राओं द्वारा विज्ञान से संबंधित एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए जिसे देख वे अचंभित भी हुए। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्य चन्द्रकिरण साहू ने अन्य शिक्षक व शिक्षिकाओं के साथ विधायक ललित चंद्राकर का अभिनंदन किया।

वार्षिकोत्सव में शामिल हुए विधायक ललित चंद्राकर



शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई के वार्षिक उत्सव के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि किसी भी स्कूल का वार्षिकोत्सव बच्चों की प्रतिभा को दिखाने का मंच होता है। स्कूल में बच्चों ने एक से बढ़कर एक साइंस मॉडल बनाए। आज के बच्चे ही कल का भविष्य होते हैं। प्रदर्शनी में रखे गए मॉडल से बच्चों की सोच का पता चलता है।

पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान विधायक ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं शिक्षक शिक्षिकाओं को बच्चों को अच्छी शिक्षा देने प्रोत्साहित किया।

वार्षिकोत्सव के दौरान सोनू राजपूत, नरेंद्र साहू, सतीश चंद्राकर, लक्ष्मी नारायण साहू, रुपेश पारख, नीलम, रोशन, चंदु देवांगन, बृज मोहन साहू, लखन लाल साहू,रुपनारायण शर्मा, रविंद्र वर्मा, जीवन लाल साहू, पार्षद भीमसेन सिन्हा, गिरीश शर्मा, मनीष पारख, सुमन साहू, तुलु राम साहू, सरोज बघेल, के शर्मा, एस अग्रवाल सहित स्कूली छात्राएं व ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## आत्मानंद स्कूल में टीचर ने पहले बच्चों को पढ़ाया, फिर परोसा भोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|निकुम

■ चार माह से वेतन नही मिलने के चलते 1 जनवरी से रसोइए हड़ताल पर

प्राथमिक से लेकर आठवीं तक के बच्चों को मीड डे मिल दिया जाता है लेकिन बीते चार माह से रसोईयों को वेतन नही मिलने से हड़ताल पर होने के कारण वे 1 जनवरी से स्कूल नही आ रहे हैं। वही स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ पौष्टिक भोजन देने स्वामी आत्मानंद इग्लिश मिडियम स्कूल निकुम में शिक्षकों ने मिलकर नई मिसाल पेश करते हुए पहले स्कूली बच्चों को पढ़ाया, फिर शिक्षिका खुशबू मिश्रा, मनदीप कौर सहित स्टाफ ने मिड मिल बच्चों को भरपेट भरोसा।

मध्याह्न भोजन मिलने नौनिहालों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। वही डीजल, पेट्रोल नही मिलने के कारण वाहन नही चलने से निकुम अंचल के कई गांवो के बच्चे स्कूल नही आ रहे है। वही बुधवार को 180 बच्चों को शिक्षा के साथ मिड डे मिल परोसा गया।

## पेड़-पौधों के आसपास क्यारी बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूली बच्चों को पौधरोपण का महत्व बताया गया। ग्राम पंचायत देवादा एक बाल हितैषी पंचायत के रूप में लगातार बच्चों के प्रति अपनी सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। इसी क्रम में सरपंच उर्वशी वर्मा द्वारा स्कूल में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि वृक्ष से हम उदारता और क्षमाशीलता जैसे गुण तो सीख ही सकते हैं, अब यह भी दिख रहा है कि वृक्ष हमें सौर ऊर्जा का इस्तेमाल भी सिखा सकते हैं। उन्होंने बताया कि क्यारियों में पौधरोपण करने से यह पौधों को आवश्यक वातावरण देता है। इस पद्धति से पौधों को जीवित रहने की अवधि ज्यादा होती है। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर सभी पेड़-पौधों के आसपास ईंट से घेरा का निर्माण किया।

# सावित्रीबाई की मनाई गई जयंती, बेटियों को शिक्षा का अधिकार देने दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

कृतज्ञ राष्ट्र के साथ शाला परिवार कौही ने शासकीय प्राथमिक शाला कौही में प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके योगदान को याद करते हुए वक्ताओं ने बेटियों को गहने देने के बदले

■ अतिथि वक्ता बेटियों ने कहा- वो थीं इसलिए हम हैं

शिक्षा के अधिकार देने की बातें कही जिससे कि वह अपने पैरों पर खड़े होकर स्वयं गहने खरीदने के लायक बन सके।

कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा क्रांति ज्योतिबा सावित्रीबाई फूले के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर राजकीय गीत एवं संविधान प्रस्तावना वाचन से किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथि वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि 18वीं शताब्दी में महिलाओं व वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के अवरोधों एवं ऐसे कठिन समय में




ज्योतिबा सावित्रीबाई फूले के महान योगदान सदैव सराहनीय एवं आदरणीय रहेंगे तथा वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी है कि पूरे मानव समाज के विकास व सभी लोगों के लिए शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध कराया जाएं। वर्तमान समय में महिला शिक्षा क्रांति के रूप में समान अवसर के साथ ही महिला विकास की मजबूत आधार प्रदान करने वाली करार दिया गया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि बेटियों को गहने देने के बदले शिक्षा के अधिकार देना चाहिए जिससे कि वे अपने पैरों पर खड़े होकर स्वयं गहने खरीदने के लायक बन सके। इस अवसर पर अतिथि वक्ता के रूप में संकुल केंद्र कन्या रानीतराई समन्वयक राकेश ठाकुर, व्याख्याता लीना बंछोर, डॉ सचदेव, पाटन गर्ल्स हास्टल अधिक्षिका सरिता वर्मा, पूर्व माध्यमिक उच्च वर्ग शिक्षिका नुपुर शर्मा, सहायक शिक्षक पूनम साहू, रोजगार सहायक स्वाति मारकण्डे, शिक्षा स्वयंसेवी सोनी कौशिक, सोनम निषाद ने अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षादूत एवं प्रधानपाठक राजेन्द्र मारकण्डे ने किया। समापन राष्ट्रगान से किया गया। आयोजन में गांव के गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि व स्कूल के बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलश यात्रा निकालकर भागवत कथा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶|सेलूद

ग्राम मर्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का कलश यात्रा निकालकर शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा ग्राम के मुख्य मार्गों से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची। जहां भागवत की पूजा अर्चना कर कलश स्थापना की गई। ग्राम के सेवानृवित्त शिक्षक हीरासिंह ठाकुर परिवार द्वारा श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं।

कथा वाचक पं रामखिलावन दुबे ने अपने प्रवचनों में उपस्थित श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत पुराण की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीमद्भगवत कथा का श्रवण करने से मानव जीवन में एक जन्म नहीं अपितु हमारे कई जन्मों के पापों का नाश होने के साथ ही हमारे शुभ कर्मों का उदय होता है। कथा सुनने मात्र से जीव जन्म और मरण के बंधन से मुक्त हो जाता है।

# केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचेः सांसद विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

लोकसभा सांसद विजय बघेल ग्राम लोहरसी में हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर में शामिल हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल

■ ग्राम लोहरसी में हमारा संकल्प विकसित भारत शिविर में शामिल हुआ सांसद बघेल

का स्वागत जिला पंचायत सदस्य दुर्ग हर्षा लोकमणी चंद्राकर और ग्रामवासियो ने किया।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाओं का शिविर लगाकर आयुष्मान भारत कार्ड , पीएम गरीब कल्याण अन्य योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा



योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रमाण योजना, नैनो फर्टिलाइजर ऐसी केन्द्र सरकार की योजनाओं को शिविर लगाकर अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं स्वस्थ परिक्षण किया गया जिससे सिकलीन, बीपी, सुगर एवं अन्य बीमारियों की जांच कर दवाईयां दी गई। साथ ही छोटे-छोटे बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर, राजा पाठक सांसद प्रतिनिधि, प्रकाश चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, रमेश शर्मा, हरिराम चंद्राकर, कवल चंद्राकर, अरुण, नरेंद, गणेश, रेखराम, गोकुल, राकेश साहू, लालजी साहू, सरपंच योगेश चंद्राकर,सरपंच इंदु निर्मलकर, उपसरपंच विवेक चंद्राकर सहित बड़ी संख्या संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पालिका परिसर में कल

**कुम्हारी।** केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रांतर्गत शनिवार को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक नगर पालिका परिषद कुम्हारी लोक सेवा केन्द्र के सामने परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान चलाया जाना है। इसके जरिये देश के कोने-कोने में समाज के सभी वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री उज्वला योजना सहित अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी जाएगी। तत्काल लाभ भी प्रदान किये जाने का प्रयास भी किया जायेगा।

## दो दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल से

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा में दो दिवसीय राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 6 व 7 जनवरी को वंदेमातरम क्रीडा मंडल एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जाएगा। जिसमें विजेताओं को नगद पुरस्कार विभिन्न श्रेणियों में दिया जाएगा। कबड्डी मैट में खेला जायेगा। 6 जनवरी को दिन में महिलाओं का एवं शाम 7 बजे से पुरूषों का मैच प्रारम्भ होगा। यह जानकारी आयोजक समिति के संयोजक पूर्व सरपंच नारायण साहू ने दी।

## अभिमान की छोटी सी चिंगारी जीवन को जलाकर राख कर देती हैः संत निरंजन

**अंडा।** जीवन में काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह मत्सर ये षडविकार है। इसे त्याग कर ही प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन से दुर्गुणों का त्याग करे और सद्गुण को अपनाये। अभिमान पतन का मूल कारण है जो जीवन का विनाश कर देता है इसलिए कभी भी अभिमान न करे। तन, मन, धन, पद, प्रतिष्ठा, रूप- रंग सहित अभिमान के कई प्रकार होते है। अभिमान के वृक्ष में अभद्रता के पुष्प और विनाश



का फल तैयार होता है इसलिए अभिमान को त्यागे और जीवन में प्रेम की प्रगाढ़ता को बढ़ाये। यह संदेश ग्राम मोंहदीपाट में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय दिवस आध्यात्मिक विवेचन करते हुए संत निरंजन महाराज ने कहा। उन्होंने आगे कहा कि प्रभु के दरबार में कोई छोटा-बड़ा, ऊंच-नीच नही होता। सभी के लिए प्रभु का प्रेम बराबर है। इंसानियत से बड़ी कोई जाति नही है। हम न ब्राह्मण है न ही क्षत्रिय, वैश्य या शुद्र। भक्त के प्रेम में वशीभूत होकर परमात्मा बंधन में बंध जाते है, संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है जैसे कन्या अपने नैहर से बिदा ले ससुराल जाकर सबको मानती है तो पति को जानती है ऐसे ही हम सब जीव कन्या की भांति है जब तक इस संसार रूपी नैहर से बिदा नही लेंगे तब तक श्याम पिया से मिलन सम्भव नही।

### कुथरेल में 11 हजार दीप जलाकर मनाया जाएगा रामोत्सव

**अंडा।** विश्व शांति सेवा धाम एवं समस्त ग्रामवासी कुथरेल के तत्वावधान में 22 जनवरी को भव्य रामोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान भव्य शोभायात्रा, 11000 दीपकों से दीपमहायज्ञ, विद्वान पं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती कर छोटी दीपावली मनाई जाएगी। इस आयोजन की तैयारी में विश्व शांति सेवा धाम अध्यक्ष डायमन देशमुख, उपाध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव पेमेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष रेमन देशमुख, संयोजक लोकेश देशमुख सहित ग्रामवासी लगे हुए है।

### 40 छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में हुए शामिल

# गीत वितान कला केन्द्र ने जीता 38 राष्ट्रीय पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

संगीत, नृत्य एवं विविध कला प्रशिक्षण संस्था गीत वितान कला केन्द्र रुआबांधा भिलाई ने दिप्ती देव अंतराष्ट्रीय कल्चरल फेस्टिवल एवं राष्ट्रीय नृत्य, गायन, वादन प्रतियोगिता कोलकाता में आयोजीत डॉ. विधान चन्द्र रॉय संस्थान सभागृह सियालदह में भाग लिया। जिसमें गायन, वादन, चित्रकला, नृत्य कलाओं में कुल 38 पुरुस्कार हासिल किया। इस प्रतियोगीता में दिल्ली, नागपुर, झारखण्ड, कोलकाता, असम, कटक (ओड़ीसा) पुणे राज्य से कला संस्कृति पर आधारित प्रतिभागी



शामिल हुए। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय के सहभगीता से आयोजित इस फेस्टिवल में गीत वितान संस्था के डायरेक्टर शिप्रा भौमीक को सरस्वती सम्मान और नृत्य शिक्षक मिथुन दास को नृत्य आचार्य सम्मान से मंच पर आयोजक एवं कार्यक्रम निर्देशिका डॉ. नंदीता देव ने सम्मान किया। गीत वितान से कुल 40 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। वहीं गायन रवीन्द्र संगीत समूह द्वितीय पुरुस्कार, लोक गायन समूह प्रथम पुरुस्कार, वादन समूह में द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ। संस्था के कुल 14 छात्र-छात्राओं को गायन में प्रथम, द्वितीय एवं संगीत श्रेष्ठ सम्मान, नृत्य में छात्र-छात्राओं को एकल में प्रथम, द्वितीय एवं नृत्य श्रेष्ठ सम्मान एवं चित्रकला में 3 छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं कलाकर श्रेष्ठ प्रतिभा सम्मान से नवाजा गया। वादन गिटार, की-बोर्ड में 3 प्रथम एवं द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त हुआ। इस आयोजन के अतिथि कलाकार के रूप में नृत्यमणी मिथुन दास एवं समूह द्वारा रवीन्द्र नाट्यम भानुसिंह पदावली पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया जो मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। मंच पर निर्णायक पंडित विद्येन्दु धोष शास्त्रीय नतर्क, पंडित प्रमोद पाठक सितार वादक की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को सम्मान प्रदान किया गया।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप



### श्रीराम कथा व 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ 15 फरवरी से

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम भिलाई में सांसद विजय बघेल, प्रीतमपाल बेलचंदन, संत राम बालक दास महात्यागी पाटेश्वर धाम, संत कान्हा महाराज संस्था कार्यकारिणी के रामचरण-अनुरागी गुरुदेव स्वामी रामभद्राचार्य के कृपा पात्र शिष्य प्रमुख संरक्षक डॉ. अशोक हरिवंश चतुर्वेदी राम-कथा-वाचक एवं सेवा समिति के सतीश कुमार चौबे मुख्य सलाहकार, समिति अध्यक्ष मनीष सिंह गौर, कार्यक्रम के प्रमुख जजमान संदीप कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में फरवरी में होने जा रही नव दिवसीय श्रीराम कथा एवं 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गया। सदस्यों निलेश पाठक, नीरज सराठे, गौरव सिंह डॉ. सुधाकर तिवारी, राजेश कुमार शुक्ला, निलेश शुक्ला, हेमंत गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### बीएसपी ने 2023 में फिर किया रिकार्ड उत्पादन



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान कई क्षेत्रें में रिकर्ड उत्पादन स्तर दर्ज किया है। पहली बार संयंत्र ने एक कैलेंडर वर्ष में सेलेबल स्टील उत्पादन और डिस्पैच के लिए लोडिंग में 5 मिलियन टन के आंकड़े को पार किया है। व 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.26 मिलियन टन सेलेबल स्टील उत्पादन दर्ज किया गया । इसी प्रकार वर्ष 2023 में डिस्पैच के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.23 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग दर्ज करते हुए वर्ष 2021 में हासिल किए गए 4.68 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ लोडिंग को पार किया। संयंत्र ने 13 वर्ष पुराने रिकर्ड को पार करते हुए ब्लास्ट फर्नेस से हॉट मेटल प्रोडक्शन और स्टील मेल्टिंग शॉप्स से क्रूड स्टील प्रोडक्शन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्षन दर्ज किया है। वर्ष 2023 में अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.93 मिलियन टन हट मेटल उत्पादन दर्ज करते हुए, वर्ष 2010 में दर्ज 5.52 मिलियन टन उत्पादन को पार किया।

# महिला वर्ग छत्तीसगढ़ व केरल के बीच आज होगा खिताबी मुकाबला

## पुरूष वर्ग में इंडियन एयर फोर्स और टेरिटोरियल आर्मी के बीच होगा फायनल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई में भिलाई स्टील प्लांट सायकिल पोलो क्लब एवं छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 17वीं पुरूष व 13वीं महिला राष्ट्रीय सायकिल पोलो चैंपियनशिप का गुरुवार को शानदार दूसरा दिन था। छत्तीसगढ़ साइकिल पोलो एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी निशु पांडेय ने बताया कि सायकिल पोलो के इस राष्ट्रीय आयोजन में कुल 14 मैच सम्पन्न हुए। जिसमें से महिला वर्ग में दो सेमीफ़ाइनल मैच व एक तीसरे स्थान के लिये एक मैच हुआ। सेमीफ़ाइनल महिला वर्ग

छत्तीसगढ़ ने महाराष्ट्र को 21-0 से हराया, केरल ने उत्तरप्रदेश को 7-3 से हराया। तीसरे स्थान के लिये निर्णायक मुकाबला उत्तरप्रदेश ने महाराष्ट्र को 11-1 से हराया। 5 जनवरी को आयोजन के तीसरे दिन महिला वर्ग का फाइनल मैच छत्तीसगढ़ और केरला के बीच होगा। सेमीफ़ाइनल पुरुष वर्ग इंडियन एयर फोर्स ने छत्तीसगढ़ को 17-5 से हराया। टेरिटोरियल आर्मी ने इंडियन आर्मी को 14-8 से हराया। 5 जनवरी को पुरूष वर्ग में तीसरे स्थान के लिए छत्तीसगढ़ और इंडियन आर्मी का मैच होगा। वहीं 5 जनवरी का सबसे रोमांचक मुकाबला इंडियन एयर फोर्स और टेरिटोरियल आर्मी के बीच होगा खिताबी मुकाबला होगा। फायनल मुकाबला के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे।

छत्तीसगढ़ के भिलाई में हो रहे इस राष्ट्रीय आयोजन में भिलाई इस्पात संयंत्र सायकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष व ऑफिसर एसोसिएशन के महासचिव परविंदर सिंह के साथ छत्तीसगढ़ सायकल पोलो एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी अध्यक्ष डॉ. रमेश श्रीवास्तव, सचिव पीएम कान्हे,उपाध्यक्ष करमजीत सिंह बेदी, ईवी सुनील ,प्रमोद सिंह अतुल चंद साहू, एसके टिंगुरिया, एसवी नंदनवार, सोमनाथ श्रीवास, योगेश कुमार गुप्ता, सहसचिव वीआर चन्नावार, देव प्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष तोषेन्द्र कुमार वर्मा मीडिया प्रभारी निशु कुमार पाण्डेय, राजेश शर्मा,कार्यकारी सदस्य राकेश शर्मा ,मदन सेन व दीपक कौशल थे।



### देवप्रकाश भारतीय सायकिल पोलो महासंघ के राष्ट्रीय अंपायर



देवप्रकाश ने 12 वर्ष की आयु में साइकिल पोलो खेलना शुरू किया। उस समय देवप्रकाश मिडिल स्कूल सेक्टर-6 में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे तब भिलाई स्टील प्लांट द्वारा ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर लगाया गया और उसके बाद सेक्टर-7 स्कूल में विनायक चन्नावार की नजर देवप्रकाश पर पड़ी फिर शुरू हुआ एक खिलाड़ी को तराशने का सफ़र और आज भिलाई के देवप्रकाश वर्मा चन्नावार की वजह से ही सरकारी नौकरी पीटीआई. शाउमावि हथखोज में पदस्थ हैं। देवप्रकाश भारतीय सायकिल पोलो महासंघ के राष्ट्रीय अंपायर हैं।

### अभिषेक शाहिद पंकज विक्रम अवार्ड से हैं सम्मानित



अभिषेक जायसवाल 17 वर्ष की आयु से साइकिल पोलो खेलना शुरू किया। उससे पहले अभिषेक आर्चरी खेलते थे और 2 स्टेट लेवल का मैच भी खेला। आज तक अभिषेक ने 17 राष्ट्रीय और 3 अंतरराष्ट्रीय सायकिल पोलो मैच खेले है जिसमें से दो अंतरराष्ट्रीय मैच राजस्थान और भिलाई में खेले और एक मलेशिया में खेलने का मौका मिला। सायकिल पोलो खेल की वजह से आज अभिषेक जायसवाल स्वामी आत्मानंद विद्यालय में पीटीआई शिक्षक की भूमिका में कार्यरत हैं। अभिषेक को साइकिल पोलो में शाहिद पंकज विक्रम अवार्ड 2015-2016 में मिला।

## संत रामकिंकर की उत्तराधिकारी श्री मंदाकिनी से बातचीत

# गुरु की प्रेरणा ने नास्तिक और वैज्ञानिक से बना दिया धर्मगुरु

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई



गुरु की महिमा अपरंपार है। यह गुरु की महत्ता ही है,जिसके चलते उन्हें गोविंद से भी बड़ा बताया गया है। ऐसे ही एक महान धर्म गुरु की कृपा ने एक नास्तिक स्त्री को अपनी तरह आध्यात्मिक गुरु बल्कि अपना उत्तराधिकारी भी बना दिया। देश के प्रख्यात रामकथा मर्मज्ञ और श्री रामकिंकर महाराज की शिष्या प्रसिद्ध रामकथा वाचक और साध्वी दीदी मां मंदाकिनी की वैज्ञानिक से धर्म गुरु और महाराज की आध्यात्मिक विरासत को संभालने कहानी जितनी प्रेरक है उतनी ही संघर्षमयी भी है। अयोध्या में भगवान श्री राम के नवनिर्मित मंदिर में ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा समारोह और राष्ट्र संत श्री रामकिंकर महाराज का जन्मशती महोत्सव के एक साथ पड़ने को एक दिव्य सुखद संयोग बताने वालीं साध्वी मंदाकिनी इसे भगवान राम और अपने गुरु का परम प्रताप निरुपित करती हैं।

रामचरित मानस को घर घर पहुंचाने वाले संत तुलसीदास की तरह रामकथा को शहर शहर ले जाने वाले सुप्रसिद्ध रामकथावाचक श्रीराम किंकर महाराज की उत्तराधिकारी सुपुत्री रामायणम आश्रम अयोध्या की संचालिका और कनक महल की अध्यक्ष रामकथा वाचक दीदी मां मंदाकिनी का धर्मप्राण माता पिता रामकिंकर महाराज के भक्त थे। बेटी मंदाकिनी भी बाल्यावस्था में उनकी कथा सुना करती थी लेकिन उनका मन तो शिक्षार्जन के ज्ञान के विज्ञान में रमा हुआ था। धर्म से कोई खास उनका रिश्ता नहीं था। सो 80 के दशक में मुंबई कालेज से पीजी और परमाणु विज्ञान में पीएचडी करने के बाद उनका चयन भाभा परमाणु एवं अनुसंधान केंद्र में बतौर वैज्ञानिक हो गया। जब वे एटामिक एनर्जी के बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही थीं तो उन्हें अपने गुरु रामकिंकर महाराज के मुंबई आने संबंधी मां की चिट्ठी मिली, जिसमें उन्होंने तत्काल घर आने का संदेश दिया था। बेटी अरुचि दिखाते व प्रोजेक्ट का हवाला देते हुए विनम्रतास से इंकार कर दिया। अपने गुरु रामकिंकर महाराज के देशव्यापी जन्मशती महोत्सव पर सामुदायिक भवन चरौदा में रामकथा देने पहुंचीं रामकथा वाचक दीदी मां मंदाकिनी ने हरिभूमि से खास भेंट में बताया कि मां के दोबारा मनुहार पर उनका मन रखने वे सहवैज्ञानिक सहेली के साथ वीटी स्टेशन पहुंची दो गाड़ी 4 घंटे लेट होने पर कैंटीन मे बैठकर उनकी प्रतीक्षा करने लगीं। जब प्लेटफार्म पहुंचीं तो बताया गया कि गाड़ी तो घंटेभर पहले आकर यार्ड में लग चुकी है। बदहवाशी में वे प्लेटफार्म के छोर पर पहुंची तो देखा गेरुए परिधान में एक दिव्य पुरुष का कुछ अनुयायी मालाओं से स्वागत कर रहे हैं। सहेली के साथ मैंने भी परिवार का परिचय देते हुए प्रणाम किया तो उन्होंने स्नेहिल भाव से बेटी कहकर आशीर्वाद दिया। उनके साथ कार में बैठे हुए जब अपने गंभीर ह्दयरोग की ब्लड रिपोर्ट अंग्रेजी में पढ़ते सुना तो व्याधि की गंभीरता देख मन द्रवित हो गया और मैंने उनकी सेवा करने की इच्छा जाहिर की। घर व माता पिता का 18 साल तक त्याग कर गुरुदेव के 2004 में स्वर्गारोहण तक बेटी की तरह सेवासुश्रुषा की और रामकथा की शिक्षा व दीक्षा ली। इसके पहले पिता की 84 में हार्ट की बीमारी से चल बसने से मन में वैराग्य भाव आ गया था । श्री मंदाकिनी बताती हैं कि गुरुजी रामकिंकर महाराज ने उन्हें अपनी तरह रामकथा की तालीम ही नहीं दी बल्कि अपना उत्तराधिकारी पुत्री घोषित करते हुए अयोध्या में अपनी विश्व प्रसिद्ध तपोभूमि रामायणम आश्रम का प्रमुख भी बनाया। गुरुदेव की हर सांस में रामकथा थी। उनकी प्रेरणा ने ही मुझे एक नास्तिक से परम रामभक्त आस्तिक बनाया और इस शीर्ष स्थान पर पहुंचाया। गुरुजी के स्वर्गारोहण के बाद ही मैं 18 साल बाद घर गईं और मां से मिलीं। अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में रामलला का प्राणप्रतिष्ठा समारोह और रामकिंकर महाराज के जन्मशती महोत्सव का एक ही समय होने को एक अलौकिक संयोग बताने वालीं दीदी मां ने कहा कहा कि यह भगवान राम के साथ गुरुदेव रामकिंकर की कृपा से हो रहा है। यह ऐतिहासिक पल है।राम सबके राम हैं, उनका उपयोग कोई भी कर सकता है। लेकिन राम का कोई दुरुपयोग नहीं कर सकता । हम गुरुजी के जन्मशती महोत्सव पर देशव्यापी कार्यक्रम में सवा अरब रामनाम लिखकर अयोध्या में गुरुदेव की समाधि पर समर्पित करेंगे। रामकिंकर महाराज की पहली रामकथा छग के बिलासपुर में ही हुई थी। वे 1997 में भिलाई भी आए थे।

### कनक महल अयोध्या की अध्यक्ष ने कहा- धर्म में न हो राजनीति

श्रीराम किंकर शिष्य सेवा समिति भिलाई के रामकथा महोत्सव में यहां आईं दीदी मां मंदाकिनी बताती हैं कि अयोध्या में महाराजश्री की विरासत रामायणम की प्रमुख और रामकथा वाचन की उनकी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कनक महल का अध्यक्ष का इतने बड़ने धर्मजागरुण मिशन का दायित्व संभालना एक बड़ा यादगार अनुभव है। तुलसीदास ने रामचरित मानस को घर घर पहुंचाया और रामकिंगर महाराज ने रामकथा के रुप में आध्यात्मिक तत्व के साथ इसे शहर शहर पहुंचाया। वे एक बड़े संत थे। देश में उनकी परंपरा का कोई दूसरा दिखाई नहीं देता है। लगता है कि उनके रुप में स्वयं भगवान राम उनके मुखारबिंद से रामकथा घर घर पहुंचा रहे थे । आज कई सजायाफ्ता व पाखंडी संतों की बाढ के सवाल पर उन्होंने कहा कि लोगों को अपने विवेक से असली व नकली धर्म गुरु या साधु की पहचान करना होगा। रावण भी सीताहरण के लिए साधु के वेश में आया था। सीताजी ने भी लक्ष्मण का कहा नहीं माना। धर्म व राजनीति के संबंध पर उन्होंने कहा कि धर्म में राजनीति नहीं होना चाहिए भले ही राजनीति में धर्म हो। आज हर कोई अपनी सुविधा और स्वार्थ के लिए धर्म का प्रयोग कर रहा है। विकृति इसीलिए आ रही है। आज सबके अपने अअपने राम हैं। धर्मगुरुओं के नैतिक व धर्म संदेश के बाद भी अपसंस्कृति फैलने व स्वामी प्रेमानंद को स्कूल में ही ब्रह्मचर्य खत्म हो रहे कहने मजबूर होने के सवाल पर रामकथा मर्मज्ञ श्री दीदी मां मंदाकिनी ने कहा कि यह कलयुग का प्रभाव है। दीपक अंधेरे को तो दूर कर सकता है लेकिन आंधी को नहीं रोक सकता।

## आम नागरिक को किसी प्रकार का समस्या ना हो: सांसद विजय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

गुरुवार को दुर्ग लोकसभा के सांसद एवं घोषणा पत्र के संयोजक रहे विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख रसोई गैस के प्रादेशिक प्रबंधकों से विस्तार से चर्चा किया।

इस दौरान सांसद विजय बघेल ने कहा अब तक आम उपभोक्ताओं का कितना प्रतिशत ईकेवाईसी हुआ है तथा अगर किसी उपभोक्ता का ईकेवायसी के दौरान अंगूठे के निशान में किसी प्रकार की कोई दिक्कत आ रही हो तो आँख और चेहरे द्वारा भी व्यक्ति की ईकेवाईसी की जा सकती है। किंतु आम आदमी को किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इस बात का विशेष रूप से ख्याल रखे। रसोई गैस के संचालकों ने बताया की लगभग 70 प्रतिशत उपभोक्ताओं का ईकेवाईसी हो गया है। आगे सांसद बघेल ने कहा की आने वाले दिनों में आम गरीब आदमी के लिये केंद्र सरकार की योजना 500 में रसोई गैस मिलेगी। साथ ही यदि कोई नागरिक को नया उज्वला गैस कनेक्शन लेना चाहते जो वह विकसित भारत विकास यात्रा के माध्यम से एवम अपने नजदीकी गैस एजेंसी में आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान रसोई गैस के तीनों कम्पनियों के संचालक पंकज एचपी, दिलीप मीना बीपीसीएल तथा इण्डेन से रुपेश उपस्थित थे।

- छत्तीसगढ़ के सभी प्रमुख रसोई गैस के प्रादेशिक प्रबंधकों से सांसद विजय ने किया मुलाक़ात

### एनसीसी यूनिट के तीन कैडेट्स का हुआ चयन



**भिलाई।** इंदिरा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय वैशाली नगर भिलाई के एनसीसी नेवल यूनिट के 3 कैडेट्स का चयन नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस 2024 हेतु चयन हुआ है। यह कैंप 1 जनवरी से 30 जनवरी तक आरडीसी कैम्प का आयोजित किया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम व एनसीसी अधिकारी एएनओ लेफ्टिनेंट महेश कुमार अलेंद्र के संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में जानकारी दी कि महाविद्यालय के 1 सीजी नेवल यूनिट रायपुर के कैडेट सचिन उपाध्याय का चयन गार्ड ऑफ ऑनर हेतु, कैडेट अविनाश तिवारी और कैडेट धनराज नायडू का चयन पीएम रैली हेतु किया गया है। ये तीनों कैडेट्स आरडीसी दिल्ली में एमपी एंड सीजी डायरेक्टरेट व महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे । इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अलका मेश्राम, जनभागीदारी अध्यक्ष महेश कुमार जायसवाल, एएनओ लेफ्टिनेंट महेश कुमार अलेंद्र, महाविद्यालय एलुमनी एसोसियेशन के सदस्य के साथ-साथ समस्त प्राध्यापकों व महाविद्यालयीन स्टाफ ने कैडेट्स को बधाई दी।

### सीजीपीएससी घोटाले की सीबीआई जांच स्वागत योग्य: मनीष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा सीजीपीएससी घोटाले पर कैबिनेट बैठक में सीबीआई जांच का निर्णय लेना स्वागतयोग्य कदम है। सरकार की यह सराहनीय पहल प्रदेश के हजारों सीजीपीएससी के अभ्यर्थियों के संघर्ष की जीत है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं रायपुर प्रभारी मनीष पाण्डेय ने कहा कि सरकार के इस फैसले से उक्त घोटाले की निष्पक्ष रूप से जांच हो पाएगी और अभ्यर्थियों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा ने अभ्यर्थियों के हित के लिए संघर्ष किया था जिसका सुखद परिणाम देखने को मिला। पाण्डेय ने कहा कि सीजीपीएससी घोटाले के विरोध में भाजयुमो द्वारा पूरे प्रदेशभर में व्यापक आंदोलन चलाया गया था।

## मीनाक्षी नगर में विधायक सम्मान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



समर्पण मानस महिला मंडल, अविरल समग्र विकास समिति, मीनाक्षी नगर तथा भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ दुर्ग जिला की ओर से गजेंद्र यादव विधायक दुर्ग शहर तथा ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग ग्रामीण का सम्मान समारोह का आयोजन केसरी नंदन हनुमान मन्दिर, मीनाक्षी नगर में किया गया। विधायक ललित चंद्राकर ने अपने संबोधन में भारतीय जनता पार्टी पर छत्तीसगढ़ की जनता द्वारा विश्वास जताने पर आभार व्यक्त करते हुए जनहित के कार्यों में पूरी पारदर्षिता का भरोसा दिलाया। मीनाक्षी नगर उनका निर्वाचन क्षेत्र नहीं होने पर भी मोहल्ले के विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने देने की बात चंद्राकर ने कही। जितेंद्र वर्मा जिला भाजपा अध्यक्ष ने महतारी वंदन योजना को भाजपा द्वारा नारी शक्ति के सम्मान का प्रतीक बताया। अजय वर्मा नेता प्रतिपक्ष व वार्ड पार्षद ने मोहल्ले में प्राथमिकता के सम्बन्ध में विधायक को अवगत कराया। सम्मान समारोह के साथ साथ नव वर्ष के उपलक्ष में समर्पण मानस महिला मंडल की महिलाओं द्वारा संगीतमय सुंदर कांड पाठ किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री, बोरसी मंडल अध्यक्ष, पूर्व पार्षद सविता साहू,मन्नू लाल परगनिहा पूर्व कुर्मी समाज प्रदेश अध्यक्ष, दिलीप साहू के अलावा जी एन वर्मा,बी के वर्मा, अखिलेश शर्मा, मोहन सिंह, के के देशमुख, राजेश तिवारी,एम एन वर्मा, एस पी गौतम, पेंशनर्स महासंघ के बी एल गजपाल, महेशचंद्र शर्मा, एन के देशमुख, बी के शर्मा, मनोज शर्मा, के पी देशमुख आदि पेंशनर्स तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के बाद राकेश साहू तथा उनके परिवार की ओर से भंडारा का आयोजन किया गया।

## भगवान राम के आदर्श से लें प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



श्रीराम किंकर जन्मशती महोत्सव पर रामकिंकर शिष्य सेवा समिति भिलाई द्वारा सामुदायिक भवन चदौदा में पांच दिवसीय श्रीराम कथा के अंतिम दिन प्रसिद्ध रामकथा मर्मज्ञ दीदी मां मंदाकिनी ने भगवान राम के आदर्श को प्रेरक बताते हुए उनके मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कहा कि राम विराट हैं। इनमें किसी भी आदर्श का आश्रय लेकर साधक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। राम रुप विग्रह का सहारा लेकर दुष्टों का संहार करते हैं किंतु नाम विग्रह के माध्यम से हमारी दुष्टता का नाश भी अंत हैं। ईश्वर प्रत्येक ह्दय में है लेकिन उसका प्रभाव दृष्टागोचर नहीं होता, क्योंकि वह विरागी ब्रह्म है। विरागी ब्रह्म जो निष्क्रिय है उसे नाम आराधना के द्वारा साधक क्रियाशील कर सकता है। दीदी मां ने कहा कि सीताजी की भक्ति में अनुराग था, इसिलिए उनकी पूजा सफल हुई। राम ज्ञान और सीता भक्ति तथा लक्ष्मण वैराग्य के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि महाराज के जन्म शती महोत्सव पर देशभर में रामकथा व सवा अरब रामनाम लिखकर उन्हें समर्पित कर जग का कल्याण करेंगे। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष चेतन देवांगन, संरक्षक चैतराम साहू, सचिव मानसिंग पटेल व गोपाल शर्मा तथा आरके सोनी सहित अनेक रामभक्त उपस्थित थे।

- चरौदा में रामकिंकर जन्मशती महोत्सव में दीदी मां मंदाकिनी की रामकथा

### हुडकोवासियों ने विधायक देवेंद्र का माना आभार



**भिलाई।** भिलाई नगर के युवा विधायक देवेंद्र यादव का नागरिक अभिनंदन हुडकोवासियों द्वारा हुडको मिलन चौक के पास स्थित सियान सदन में किया गया। विधायक निर्वाचित होने के बाद नागरिकों से भेंट मुलाकात के लिए पहली बार विधायक हुडको पहुंचे। चुनाव के दौरान एक टीम वर्क के साथ कार्य किये जाने एवं हुडको से संतोषजनक परिणाम मिलने पर सभी लोगों का अभार व्यक्त किया। हुडको के स्थानीय रहवासियों के आवश्यकता के अनुसार,जिस तरह से चौबीस कमरे वाला सर्वमांगलिक भवन, फ्लड लाइट क्रिकेट स्टेडियम व डोम शेड का निर्माण हुडकोवासियों की मंशा के अनुरूप हुआ है। उसी तरह से आगे भी हुडको के विकास के कार्य उनकी प्राथमिकता में होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपानि भिलाई के राजस्व विभाग के प्रभारी सीजू एंथोनी ने कहा कि पहली बार हुडको में इतने बड़े स्तर के कार्य हुए है। आगे भी हुडको के नीतिगत कार्यों के लिए हमारा प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस के प्रवक्ता जावेद खान, वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस प्रमुख दानेशवरी साहू, आरबीके राव, गुरलिन सिंह, रमेश टहनगुरिया, घनश्याम सोनी, एके ठाकुर, पी श्रीनिवास, दलजीत सिंह रैना, अरूण ठवकर, एचसी अहिरवार, दीपांकर दास, नेमीचंद शर्मा, विजय मंढरिया, आशीष नंदी, के मधुलाल, अनिल झा, कुंती साहू, पार्वती देशमुख, ललिता साहू,डामन साहू,पुष्पा डरसेना, सुलोचना साहू, मंजुलता अग्रवाल,गंगा सिन्हा आदि उपस्थित थे।







